तापमान

अधिकतम 33 .3 डिग्री

न्यूनतम 16 .8 डिग्री

हरिभूमि

# सोनीपत भूमि

**रोहतक**, रविवार 5 अप्रैल 2026



13 लक्ष्य हासिल करने के लिए मेहनत जरूरीः ढुल



14 मंडियों में खरीद कार्य ने पकड़ी रफ्तार




**खबर संक्षेप**

### वेटलिफ्टिंग खेल नर्सरी के लिए ट्रायल आज

**गोहाना।** राज्य सरकार द्वारा गांव खानपुर खुर्द में संचालित वेटलिफ्टिंग खेल नर्सरी में रविवार को जिले के खिलाड़ियों के चयन के लिए ट्रायल होगा। सोनीपत वेटलिफ्टिंग एसोसिएशन के उपाध्यक्ष दीपक नैन कामी व एनआइएस कोच संदीप मोर ने बताया कि ट्रायल में आठवीं कक्षा तक लड़के व लड़कियां भाग ले सकते हैं। 14 वर्ष आयु वर्ग में लड़कों व लड़कियों का चयन किया जाएगा। चयनित खिलाड़ियों को 15 सौ रुपये प्रतिमाह प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। 19 वर्ष तक के को दो हजार रुपये प्रतिमाह प्रोत्साहन राशि मिलेगी। उन्हें निःशुल्क कोचिंग और सभी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

### अवैध हथियार सहित युवक गिरफ्तार

**गोहाना।** क्राइम यूनिट गोहाना की पुलिस टीम ने अवैध हथियार की घटना मे संलिप्त गांव आहुलाना निवासी आरोपित अंशु पुत्र कृष्ण को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित को न्यायालय में पेश करके उसके आदेश पर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। 3 अप्रैल को क्राइम यूनिट गोहाना मे नियुक्त सहायक उप निरीक्षक दलबीर अपनी पुलिस टीम के साथ गश्त के दौरान खरखौदा रोड बाइपास फ्लाइओवर पुल के नीचे मौजूद थे। तभी उनको खुफिया सूचना प्राप्त हुई कि अंशु अवैध हथियार के साथ गोहाना की तरफ से पैदल-पैदल आएगा। इसके बाद जब अंशु वहां पहुंचा तो पुलिस ने उसकी तलाशी ली। तलाशी में अंशु की जेब से एक लोडेड देशी पिस्तौल बरामद हुआ।

### बाइक चोरी का आरोपी गिरफ्तार, केस दर्ज

**खरखौदा।** पुलिस ने बाइक चोरी के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मंजीत निवासी खरखौदा के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई मोटरसाइकिल बरामद कर ली है। 25 फरवरी को अकील निवासी खरखौदा ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसने 21 फरवरी की रात करीब 8 बजे अपनी मोटरसाइकिल घर के बाहर खड़ी की थी, लेकिन अगले दिन सुबह वह वहां नहीं मिली। अज्ञात व्यक्ति द्वारा मोटरसाइकिल चोरी कर ले जाने की शिकायत पर थाना खरखौदा ने मामला दर्ज किया गया।

# अधिकारियों का दावा, गैस की किल्लत नहीं बुकिंग के 4 दिन बाद भी नहीं मिल रहा सिलेंडर

## गैस एजेंसियों के पास शुक्रवार को नहीं पहुंचा स्टॉक, दो दिन अवकाश के चलते उपभोक्ताओं को झेलनी पड़ेगी परेशानी

## कमर्शियल गैस की आपूर्ति बंद होने से दुकानदारों व खाद्य स्टॉल संचालक धड़ल्ले से कर रहे घरेलू सिलेंडरों का प्रयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

प्रशासन व जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की ओर से लोगों की गैस संबंधी समस्या को देखते हुए समाधान करवाने के भरसक प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति भी पूर्ण रूप से पटरी पर नहीं है, जबकि सभी उपभोक्ताओं को समय पर सिलेंडर मुहैया करवाने के दावे किए जा रहे हैं। अधिकारी सिलेंडरों की किल्लत को छिपाने में भले ही खामियों पर लाख पर्दे डालने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन किल्लत के सही कारणों तक पहुंचने से अनजान बने हैं। कमर्शियल सिलेंडरों की आपूर्ति बंद होने से दुकानदारों व खाद्य स्टॉल संचालकों के पास स्टॉक खत्म हो चुका है। ऐसे में व्यवसाय अब घरेलू गैस सिलेंडरों पर निर्भर नजर आ रहे हैं। फूड बाजार भी गैस की किल्लत से जूझ रहा है। इससे घरेलू सिलेंडरों की किल्लत होने लगी है, जबकि एजेंसी संचालक मामले में कुछ भी बोलने को राजी नहीं है।

जिले में कमर्शियल गैस आपूर्ति बंद हुए करीब सवा माह बीत चुका है। कमर्शियल सिलेंडरों के अभाव में अब कारोबार में घरेलू सिलेंडरों का प्रयोग धड़ल्ले से होने लगा है। घरेलू सिलेंडर धड़ल्ले से कारोबार के लिए ब्लैक होने लगा है। दुकानों ही नहीं, होटल, रेस्तरां, ढाबों से लेकर दुकानों व खाद्य पदार्थ के स्टॉलों पर चोरी छिपे घरेलू सिलेंडर प्रयोग किया जा रहा है। उधर शहर की कई गैस एजेंसियों पर शुक्रवार को सिलेंडरों का स्टॉक नहीं पहुंचा है। सिलेंडरों की कमी के चलते उपभोक्ताओं की बुकिंग के करीब 3 से 4 दिन बाद उन्हें घरेलू सिलेंडरों की डिलीवरी की जा रही है। ऐसे में शनिवार व रविवार अवकाश के चलते उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ सकती है। जिले में संचालित करीब 32 गैस एजेंसियों पर पहले रोजाना 300 से 400 सिलेंडर डिलीवरी की खपत थी, लेकिन अब केवल 6580 घरेलू गैस सिलेंडरों की नियमित डिलीवरी का दावा किया जा रहा है। बाजार में उतरने के बाद घरेलू सिलेंडरों की घरों में भी सही तरह से आपूर्ति नहीं हो पा रही है। जहां पहले उपभोक्ताओं को बुकिंग के बाद 24 घंटे के अंदर सिलेंडर मुहैया करवाया जा रहा था, वहीं अब डिलीवरी में 3 से 4 दिन लग रहे हैं।




**सोनीपत।** सुभाष चौक के पास स्थित गैस एजेंसी का कार्यालय।




**सोनीपत।** कच्चे क्वार्टर रोड पर घरेलू गैस सिलेंडर का प्रयोग करते खाद्य स्टॉल संचालक।

### दावा : ढाबों तक पहुंचा कमर्शियल सिलेंडर, फिलहाल स्टॉक कम

खाद्य एवं आपूर्ति विभाग का दावा है कि जिले में आवश्यक सेवाओं अस्पताल, शिक्षण संस्थान के अलावा ढाबों, रेस्तरां में कमर्शियल सिलेंडरों की डिलीवरी शुरू कर दी गई है। हालांकि स्टॉक कम होने के चलते फिलहाल सभी उपभोक्ताओं को कमर्शियल सिलेंडर मुहैया नहीं कराया जा रहा है, लेकिन जल्द स्थिति को सामान्य श्रेणी तक पहुंचाया जाएगा। साथ ही सिलेंडरों के स्टॉक व ब्लैक को रोकने के लिए विभाग ने टीमों का गठन भी किया है। यह टीमें करीब 15 दिन से जिलेभर में छापा मार कार्रवाई करते हुए अब तक करीब 240 खाली व भरे हुए छोटे-बड़े घरेलू व कमर्शियल सिलेंडर जब्त कर चुकी हैं। सिलेंडरों के स्टॉक व कालाबाजारी पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से करीब 3 लोगों पर मुकदमा भी दर्ज करवाया गया है।

### हेल्पलाइन नंबर पर दावे फेल, रिसीव नहीं हो रही कॉल

शहर वासी रवि कुमार, अमित, प्रदीप ने बताया कि जिले में डीजल, पेट्रोल व रसोई गैस की आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू रखने व उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए प्रशासन की ओर से लघु सचिवालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। साथ ही डीजल, पेट्रोल या रसोई गैस से संबंधित किसी भी जानकारी या समस्या के लिए हेल्पलाइन नंबर 0130-2221590 भी जारी किया गया है, लेकिन हेल्पलाइन नंबर सुविधा के बजाय असुविधा का कारण बना हुआ है। उक्त नंबर पर कॉल करने के बावजूद कॉल रिसीव नहीं हो रही है, जो अपने आप ही कट रही है। अधिकारियों व कर्मचारियों का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। इतना ही नहीं, कई बार गैस एजेंसी संचालक भी उपभोक्ताओं का फोन रिसीव नहीं कर रहे हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि वह अपनी शिकायत किसे सुनाएं।

### कालाबाजारी रोकने के लिए कर रहे छापेमारी

जिले में आवश्यक सेवाओं के अलावा कुछ ढाबों पर भी कमर्शियल सिलेंडरों की आपूर्ति शुरू कर दी गई है। सिलेंडर को लेकर धीरे-धीरे स्थिति सामान्य होने लगेगी। साथ ही सिलेंडरों की कालाबाजारी को रोकने के लिए टीमों का गठन कर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। टीमों को निरंतर निरीक्षण कर जांच करने के निर्देश दिए गए हैं।

\- **विंशेल सहरावत**, जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी, सोनीपत

### पठानकोट एक्सप्रेस की चपेट में आया युवक

**सोनीपत।** उत्तम नगर के पास शनिवार सुबह रेल लाइन पार करते समय पठानकोट एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची जीआरपी ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल के शवगृह भिजवाया। जांच अधिकारी एएसआई सुनील कुमार ने बताया कि दिल्ली से सोनीपत स्टेशन पर आ रही पठानकोट एक्सप्रेस की चपेट में आने से उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ निवासी करीब 19 वर्षीय अमरजीत की मौत हो गई। अमरजीत अपने दोस्तों के पास घूमने के लिए उत्तम नगर में एक माह पहले ही आया था। शनिवार सुबह सैर करने के लिए कमरे से बाहर रेलवे लाइन पर पहुंचा, तो दिल्ली की ओर से आ रही ट्रेन की चपेट में आ गया।

### घर में घुसकर मारपीट करने वाला गिरफ्तार

**खरखौदा।** थाना क्षेत्र में घर में घुसकर मारपीट और गंभीर चोटें पहुंचाने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान विशाल उर्फ सन्नी निवासी गांव मटिंडू के रूप में हुई है। 13 मार्च को जोनी निवासी खरखौदा ने शिकायत में बताया था कि 12 मार्च की रात करीब 9:30 बजे वह अपने भाइयों और मां के साथ घर पर मौजूद था। इसी दौरान उसके भाई कीड़ा ने बताया कि खरखौदा मंडी में उसका सचिन के साथ झगड़ा हुआ था। शिकायत के अनुसार, कुछ ही देर बाद कमल, प्रवीन तथा उनके साथ 8-10 अन्य युवक लोहे की रॉड, डंडे और धारदार हथियार लेकर उनके घर में जबरन घुस आए और परिवार पर हमला कर दिया। इस हमले में उसके भाइयों को गंभीर चोटें आईं, कई जगह से हाथ टूट गए, जबकि मां के सिर में भी गंभीर चोट लगी।

# अजय मलिक और सार्थक गुलाटी की जोड़ी ने मचाई धूम, राष्ट्रीय टेनिस टूर्नामेंट ट्रॉफी जीती



हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना

■ नेताजी सुभाष चंद्र बोस खेल अकादमी के खिलाड़ी छाए

एआईटीए (ऑल इंडिया टेनिस एसोसिएशन) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय टेनिस टूर्नामेंट में गांव मदीना स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस खेल अकादमी के खिलाड़ी अजय मलिक और उसके सहयोगी सार्थक गुलाटी की जोड़ी ने प्रथम स्थान हासिल करके ट्रॉफी कब्जा ली। शनिवार को खेल अकादमी में लौटने पर अजय मलिक को सम्मानित किया गया। एआईटीए द्वारा माधव इंटरनेशनल टेनिस सेंटर समालखा में राष्ट्रीय टेनिस टूर्नामेंट आयोजित की गई। टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में अजय मलिक और उनके सहयोगी सार्थक गुलाटी की जोड़ी ने हरियाणा के आदित्य मोर और महाराष्ट्र के ओम वर्मा की जोड़ी को परास्त करके ट्राफी पर अपना कब्जा कर लिया। शनिवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस खेल अकादमी में संचालक पहलवान अजमेर मलिक की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में पुष्पा मलिक, कोच सोमबीर व प्राचार्या पूनम ने अजय मलिक को अपना आशीर्वाद देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# उपराष्ट्रपति के दौरे को लेकर तैयारियां तेज सुरक्षा प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन होगा

■ पुलिस आयुक्त ममता सिंह ने डीक्रस्ट यूनिवर्सिटी का दौरा कर व्यवस्था जांची

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

भारत के उपराष्ट्रपति के प्रस्तावित दौरे को लेकर पुलिस आयुक्त ममता सिंह ने शनिवार को डीक्रस्ट यूनिवर्सिटी, मुरथल में सुरक्षा व्यवस्था का विस्तृत जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम स्थल, प्रवेश व निकास मार्गों, पार्किंग व्यवस्था और वीआईपी मूवमेंट रूट का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी डीसीपी और एसीपी स्तर के अधिकारी भी मौजूद रहे। अधिकारियों के साथ बैठक कर सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा की गई और प्रत्येक अधिकारी को उसकी जिम्मेदारियों के प्रति सतर्क रहने के निर्देश दिए गए। पुलिस आयुक्त ने स्पष्ट कहा कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी व्यवस्थाएं कार्यक्रम से पहले पूरी तरह सुनिश्चित की जाएं, ताकि दौरा शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। उन्होंने वीआईपी सुरक्षा प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन करने और सभी एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने पर भी जोर दिया।



# सैर कर रहे दादा- पोते को कार ने टक्कर मारी, बुजुर्ग की मौत

## रेलवे पुल पर सुबह हादसा चालक वाहन लेकर फरार

## परिवार कार का नंबर नोट नहीं कर पाया




एआई जनरेटेड इमेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

गोहाना बाईपास पास रोड स्थित रेलवे पुल पर सुबह की सैर के दौरान कार चालक ने दादा-पोते को टक्कर मार दी। हादसे में 75 वर्षीय बुजुर्ग की उपचार के दौरान मौत हो गई, जबकि पोता घायल हो गया। इंडियन कॉलोनी की गली नंबर 4 निवासी सत्यवान ने सिटी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है कि वह शुक्रवार सुबह अपने पिता जगबीर (75) अपने पोते (13) के साथ सैर के लिए निकले थे। जब वह गोहाना बाइपास पर रेलवे पुल के ऊपर पहुंचे तो उनके पिता और बेटा उनसे कुछ आगे चल रहे थे। इसी दौरान जाहरी चौक की तरफ से तेज रफ्तार कार आई और चालक ने लापरवाही से चलते हुए उनके पिता व पुत्र को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद चालक मौके से भाग गया। सत्यवान ने कार का पूरा नंबर नोट करने की कोशिश की, लेकिन केवल इतना ही देख पाया कि वाहन सफेद रंग का था और नंबर की शुरुआत एचआर-79 से हो रही थी। यह खरखौदा उपमंडल की सीरीज का नंबर है। घटना के बाद सत्यवान ने तुरंत दोनों घायलों को नागरिक अस्पताल सोनीपत पहुंचाया, जहां से उनकी गंभीर हालत को देखते हुए रोहतक के लिए रेफर कर दिया गया। इलाज के बाद उनके बेटे हिमांशु को छुट्टी दे दी गई, लेकिन उनके पिता जगबीर ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### बड़ौत में सूने मकान से आभूषण चोरी

**गन्नौर ।** थाना बड़ी क्षेत्र के गांव बड़ौत में एक घर से जेवर चोरी होने का मामला सामने आया है। घटना के समय परिवार के सभी सदस्य घर से बाहर गए हुए थे, जिसका फायदा उठाकर अज्ञात चोर ने वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित रोहित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 31 मार्च को परिवार किसी कार्य से बाहर गया हुआ था। घर की अलमारी का ताला लगाकर उसकी चाबी वहीं छोड़ दी गई थी। दोपहर के समय जब उसकी भाभी घर लौटी तो अलमारी खुली मिली और सामान बिखरा हुआ था। जांच करने पर पता चला कि अलमारी के लॉकर में रखे सोने के जेवर, जिनमें लॉकेट, अंगूठी और कानों के आभूषण शामिल थे, चोरी हो चुके हैं। परिवार ने आसपास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। सूचना मिलने पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी

### कार में लिफ्ट देना पड़ा महंगा, महिलाएं चार तोले की सोने की चेन लेकर लापता

**खरखौदा।** केएमपी एक्सप्रेसवे पर लिफ्ट देने के बाद दो महिलाओं द्वारा सोने की चैन चोरी करने का मामला सामने आया है। रोहतक के सनसिटी हाइट्स निवासी नरेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने दोस्त आशीष के साथ कार में पड़पड़गंज, दिल्ली से रोहतक लौट रहे थे। शाम करीब 6 बजे जब वे केएमपी पर पीपली टोल के पास पहुंचे, तो दो महिलाओं ने उनसे लिफ्ट मांगी। नरेंद्र के अनुसार, मानवता के नाते उन्होंने दोनों महिलाओं को अपनी कार में बैठा लिया। करीब 5-10 किलोमीटर आगे चलने के बाद महिलाओं को उनके बताए स्थान पर उतार दिया। लेकिन लगभग आधे घंटे बाद उन्हें पता चला कि उनकी करीब 4 तोले की सोने की चैन गायब है। पुलिस ने शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सोलर सिस्टम के तार चोरी, केस

खरखौदा। गांव गोपालपुर व बरोणा की सीमा पर स्थित खेतों में सोलर सिस्टम से बिजली की तार चोरी होने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव गोपालपुर निवासी सुधीर कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्होंने अपने खेत में 3 किलोवाट का सोलर सिस्टम लगाया हुआ है। सुबह जब वह अपने खेत में पहुंचे तो पाया कि सोलर प्लेटों के नीचे लगी बिजली की तार चोरी हो चुकी है। आसपास पूछताछ करने पर पता चला कि उनके खेत के साथ लगते अन्य किसानों के सोलर कनेक्शनों की तारें भी चोरी हुई हैं। शिकायत में गोपालपुर और बरोणा गांव के कई किसानों के नाम शामिल हैं, जिनके खेत आसपास स्थित हैं और सभी के सोलर सिस्टम से तार चोरी हुई है।

# आंधी व बूंदाबांदी के कहर से जमीन पर बिछी गेहूं की फसल, किसान बोले- विशेष गिरदावरी करवाए सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना

क्षेत्र में तेज आंधी के साथ हुई बूंदाबांदी किसानों की आंखों में आंसू दे गई। आंधी और बूंदाबादी से खेतों में गेहूं की फसल जमीन पर बिछ गई। अब न केवल फसल की कटाई करने में परेशानी होगी अपितु फसल में नुकसान की संभावना भी बनी हुई है। किसानों ने सरकार से फसल में नुकसान के आकलन के लिए गिरदावरी करवाने की मांग की है।

### फसलों पर संकट

शुक्रवार की सायं क्षेत्र में तेज आंधी चली और बूंदाबांदी हुई। अपने पीले सोने पर संकट के बादल मंडराए देख किसानों की बेचैनी बढ़ गई। गांव धनाना निवासी जगदीश जाटायन, योग सहायक सुनील जाटायन, जगबीर जाटायन, दिनेश उर्फ सोनू और जगवंती ने बताया कि इस समय खेतों में गेहूं की फसल पकने की स्थिति में है। किसानों द्वारा अगेती फसल की तो कहीं-कहीं पर हाथ से कटाई भी शुरू कर दी गई है। कंबाइन मशीन से फसल की कटाई करने में अभी दस-बारह दिन लग सकते हैं। किसानों के अनुसार तेज आंधी के साथ हुई बूंदाबांदी से काफी खेतों में फसल जमीन पर बिछ गई। ऐसे में न केवल फसल की कटाई करवाने में परेशानी होगी अपितु बालियों में दाना भी पूरी तरह से नहीं पका है। ऐसे में फसल में नुकसान की संभावना बढ़ गई है। जो फसल अधिक बढ़ी हुई थी वह तो पूरी तरह से जमीन पर बिछ चुकी है।



**गोहाना।** खेतों में बिछी गेहूं की फसल दिखाते धनाना के किसान।

### पैदावार पर पड़ेगा असर

गांव धनाना के किसानों ने राज्य सरकार से फसल में नुकसान के आकलन के लिए गिरदावरी करवाकर मुआवजा देने की मांग की है। किसानों के अनुसार पूरे क्षेत्र में काफी किसानों की फसल जमीन पर बिछ गई है। ऐसे में पैदावार कम होने से नुकसान की संभावना बनी हुई है। किसानों ने कहा कि सरकार प्रशासन को तुरंत मदद के निर्देश जारी करें।

### चरस तस्करी के आरोप में महिला सहित दो गिरफ्तार

**सोनीपत।** क्राइम यूनिट कुण्डली पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के एक पुराने मामले में दो और आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों की पहचान नरेश निवासी कुल्लू और एक महिला के रूप में हुई है। इससे पहले पुलिस ने फरवरी में पांची जाटान क्षेत्र से अनिल उर्फ निनी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1 किलो 675 ग्राम चरस बरामद की थी। इस मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था। जांच के दौरान सामने आए अन्य आरोपितों की तलाश में पुलिस लगातार जुटी हुई थी। इसी कड़ी में सहायक उप निरीक्षक प्रदीप की टीम ने दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। सभी आरोपितों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।



■ पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश किया, जेल भेजा

निवेशकों के लिए बने कमाई का मजबूत जरिया

●

युद्ध या आर्थिक संकट के समय सक्रिय प्रबंधन आता हैकाम

## बाजार की उठापटक

# एक्टिव म्यूचुअल फंड्स ने दिया बढ़िया रिटर्न

बाजार की अनिश्चितता के बीच भी एक्टिव म्यूचुअल फंड्स ने यह साबित किया है कि सही रणनीति और अनुभव के दम पर बेहतर रिटर्न हासिल किया जा सकता है। हालांकि, हर निवेश में जोखिम होता है, इसलिए सोच-समझकर और अपने वित्तीय लक्ष्यों के अनुसार ही निवेश करना चाहिए। आज के समय में सबसे समझदारी भरा कदम यही है कि निवेशक एक्टिव और पैसिव दोनों का संतुलित पोर्टफोलियो बनाएं। इससे न केवल जोखिम कम होगा, बल्कि लंबी अवधि में बेहतर और स्थिर रिटर्न पाने की संभावना भी बढ़ेगी।

निवेश मंत्रा
बिजनेस डेस्क

शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव कोई नई बात नहीं है। वैश्विक तनाव, महंगाई, ब्याज दरों में बदलाव और आर्थिक अनिश्चितता जैसे कई कारण बाजार को प्रभावित करते रहते हैं। ऐसे माहौल में अक्सर निवेशक असमंजस में पड़ जाते हैं कि पैसा कहां लगाया जाए। लेकिन हाल के वर्षों के आंकड़े एक अलग कहानी बताते हैं—बाजार की अस्थिरता के बावजूद एक्टिव म्यूचुअल फंड्स ने निवेशकों को बेहतर रिटर्न देकर उम्मीद जगाई है। पिछले तीन वर्षों में जब दुनिया ने महामारी के बाद की आर्थिक चुनौतियों, युद्ध जैसे हालात और वैश्विक मंदी के डर का सामना किया, तब भारतीय म्यूचुअल फंड उद्योग ने मजबूती दिखाई। खासकर एक्टिव फंड मैनेजमेंट ने निवेशकों के लिए अतिरिक्त रिटर्न पैदा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आंकड़ों के अनुसार, बड़ी संख्या में एक्टिव फंड्स ने अपने बेंचमार्क इंडेक्स से बेहतर प्रदर्शन किया है, जिसे वित्तीय भाषा में "पॉजिटिव अल्फा" कहा जाता है। इसका मतलब है कि फंड मैनेजर ने बाजार से बेहतर कमाई कराई।

### छोटी कंपनियों में बड़ा मौका

अगर विभिन्न कैटेगरीज पर नजर डालें तो स्मॉलकैप फंड्स ने सबसे ज्यादा आकर्षक रिटर्न दिया है। इसकी वजह साफ है—छोटी कंपनियों के बारे में जानकारी सीमित होती है और उनमें ग्रोथ की संभावनाएं ज्यादा होती हैं। ऐसे में कुशल फंड मैनेजर सही स्टॉक्स का चयन करके निवेशकों को ज्यादा फायदा दिला सकते हैं। मिडकैप और लार्जकैप फंड्स ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन इनमें प्रतिस्पर्धा ज्यादा होती है और जानकारी सार्वजनिक रूप से उपलब्ध होती है।

निवेशकों के लिए बने कमाई का मजबूत जरिया

●

युद्ध या आर्थिक संकट के समय सक्रिय प्रबंधन आता है काम




## कठिन समय में एक्टिव मैनेजमेंट की अहमियत

जब बाजार में अनिश्चितता बढ़ती है, तब एक्टिव फंड्स की असली ताकत सामने आती है। पैसिव फंड्स जहां केवल इंडेक्स को फॉलो करते हैं, वहीं एक्टिव फंड मैनेजर के पास फैसले लेने की पूरी स्वतंत्रता होती है। वे बाजार की स्थिति के अनुसार पोर्टफोलियो में बदलाव कर सकते हैं। जैसे कि कमजोर प्रदर्शन करने वाले शेयरों से बाहर निकलना और मजबूत संभावनाओं वाले स्टॉक्स में निवेश बढ़ाना। यही लचीलापन एक्टिव फंड्स को अलग बनाता है। उदाहरण के तौर पर, जब किसी सेक्टर में गिरावट आती है, तो एक्टिव मैनेजर वहां से पैसा निकालकर दूसरे उभरते सेक्टर में निवेश कर सकते हैं। इससे जोखिम कम होता है और रिटर्न बेहतर बनने की संभावना बढ़ती है।

### पैसिव फंड्स का बढ़ता ट्रेंड

हाल के वर्षों में पैसिव फंड्स यानी इंडेक्स फंड्स और ईटीएफ का चलन भी तेजी से बढ़ा है। इसकी सबसे बड़ी वजह है इनकी कम लागत। चूंकि इन फंड्स में एक्टिव मैनेजमेंट नहीं होता, इसलिए इनका एक्सपेंस रेशियो कम रहता है। विशेषज्ञों का मानना है कि लार्जकैप सेगमेंट में पैसिव फंड्स एक अच्छा विकल्प बनते जा रहे हैं। इसका कारण यह है कि बड़ी कंपनियों के बारे में सभी को जानकारी होती है, जिससे एक्टिव मैनेजर के लिए अतिरिक्त रिटर्न निकालना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में कम लागत वाले पैसिव फंड्स निवेशकों के लिए फायदेमंद साबित हो सकते हैं।

### एक्टिव और पैसिव का संतुलन जरूरी

निवेश के मामले में "एक ही रास्ता सही है" ऐसा नहीं होता। समझदारी इसी में है कि निवेशक अपने पोर्टफोलियो में एक्टिव और पैसिव दोनों तरह के फंड्स का संतुलन बनाए रखें। जहां एक्टिव फंड्स आपको अतिरिक्त रिटर्न का मौका देते हैं, वहीं पैसिव फंड्स स्थिरता और कम लागत का फायदा देते हैं। उदाहरण के तौर पर, आप अपने निवेश का एक हिस्सा लार्जकैप इंडेक्स फंड में रख सकते हैं और दूसरा हिस्सा मिडकैप या स्मॉलकैप एक्टिव फंड्स में लगा सकते हैं। इससे जोखिम भी संतुलित रहेगा और रिटर्न की संभावना भी बेहतर होगी।

### निवेश से पहले इन बातों का रखें ध्यान

- **लंबी अवधि का नजरिया रखें :** बाजार में उतार-चढ़ाव सामान्य है, इसलिए निवेश को कम से कम 3-5 साल के नजरिए से देखें।
- **फंड का ट्रैक रिकॉर्ड देखें:** केवल हाल का प्रदर्शन ही नहीं, बल्कि लंबी अवधि का रिकॉर्ड भी जांचें।
- **फंड मैनेजर की रणनीति समझें:** यह जानना जरूरी है कि फंड किस तरीके से निवेश करता है।
- **डायवर्सिफिकेशन बनाए रखें :** सभी पैसे को एक ही फंड या कैटेगरी में न लगाएं।
- **नियमित निवेश (एसआईपी):** बाजार के उतार-चढ़ाव से बचने के लिए एसआईपी एक अच्छा तरीका है।



# पैसों की सही समझ ही बनाएगी आपको धनवान

## बेहतर लाइफ के लिए फाइनेंशियल लिटरेसी क्यों है जरूरी

### फाइनेंशियल लिटरेसी सिर्फ सपने देखने तक सीमित नहीं यह बल्कि उन्हें हासिल करने की सही दिशा भी देती है

हर व्यक्ति के जीवन में कुछ लक्ष्य होते हैं। जैसे घर खरीदना, बच्चों को अच्छी शिक्षा देना या रिटायरमेंट के बाद आरामदायक जीवन जीना। इसके लिए मेहनत और कमाई जरूरी हैं, लेकिन इन लक्ष्यों को हासिल करना इस बात पर भी निर्भर करता है कि आप अपने पैसों को कितनी समझदारी से संभालते हैं। यहीं पर फाइनेंशियल लिटरेसी की भूमिका अहम होती है। फाइनेंशियल लिटरेसी आपको सिर्फ सपने देखने से आगे बढ़कर उन्हें प्लान करने में मदद करती है। जैसे सिर्फ यह कहना कि 'मुझे घर खरीदना है' काफी नहीं है, बल्कि आपको यह समझना होता है कि उसकी कीमत क्या होगी, कब खरीदना है और हर महीने कितनी बचत करनी होगी।

**लक्ष्य तय करते समय ध्यान रखें**

- लक्ष्य स्पष्ट और समयबद्ध होना चाहिए
- उसकी अनुमानित लागत का पता होना चाहिए
- हर महीने कितनी बचत करनी है, यह तय करें
- लक्ष्य को छोटे-छोटे हिस्सों में बांटें
- उदाहरण के लिए, अगर आप घर खरीदना चाहते हैं, तो उसकी कीमत, डाउन पेमेंट और समयसीमा का स्पष्ट प्लान बनाना जरूरी है।

**बजट बनाना:** पैसों को संभालने की सबसे जरूरी स्कि बजट बनाना आपके वित्तीय जीवन की नींव है। यह आपको यह समझने में मदद करता है कि आपकी आमदनी कहां खर्च हो रही है और कहां बचत की जा सकती है।

**बजट बनाने के फायदे**

- खर्चों पर नियंत्रण मिलता है
- बचत की आदत विकसित होती है
- फालतू खर्च कम होते हैं
- वित्तीय लक्ष्य हासिल करना आसान होता है
- आसान बजट नियम (50-30-20)
- 50%: जरूरतें (खाना, किराया, बिल)
- 30%: इच्छाएं (घूमना, शॉपिंग)
- 20%: बचत और निवेश
- नियमित बचत, चाहे छोटी ही क्यों न हो, समय के साथ बड़ी पूंजी में बदल जाती है।

**लोन और क्रेडिट कार्ड का सही इस्तेमाल**

- आज के समय में लोन और क्रेडिट कार्ड आम हो गए हैं, लेकिन इनका गलत उपयोग आपको कर्ज के जाल में फंसा सकता है।
- समय पर ईएमआई और बिल का भुगतान करें
- जरूरत के अनुसार ही कर्ज लें
- क्रेडिट कार्ड का लिमिट से ज्यादा उपयोग न करें
- ब्याज दरों को समझें

**ध्यान रखने योग्य बातें**

- लेट पेमेंट से ब्याज तेजी से बढ़ता है
- खराब क्रेडिट स्कोर भविष्य में लोन मिलने में दिक्कत पैदा कर सकता है
- जिम्मेदारी से उपयोग करने पर क्रेडिट स्कोर बेहतर होता है

**समझदारी से निवेश :** पैसे को बढ़ाने का तरीका सिर्फ पैसे बचाना काफी नहीं है, उसे बढ़ाना भी जरूरी है। इसके लिए निवेश सबसे प्रभावी तरीका है।

**निवेश क्यों जरूरी है**

- महंगाई से बचाव
- लंबे समय में संपत्ति निर्माण
- अतिरिक्त आय का स्रोत

**निवेश के विकल्प**

- म्यूचुअल फंड
- शेयर बाजार
- फिक्स्ड डिपॉजिट
- पब्लिक प्रोविडेंट फंड (पीपीएफ)
- सही निवेश का चयन आपके लक्ष्य, जोखिम लेने की क्षमता और समय अवधि पर निर्भर करता है। नियमित निवेश और धैर्य से बड़ा फंड तैयार किया जा सकता है।

**जोखिम से सुरक्षा: सुरक्षित भविष्य की गारंटी :** जीवन में अनिश्चितताएं कभी भी आ सकती हैं। जैसे नौकरी का जाना, बीमारी या कोई अन्य आपात स्थिति। ऐसे समय में आपकी वित्तीय योजना पर असर पड़ सकता है।

**सुरक्षा के जरूरी उपाय**

- इमरजेंसी फंड (6–12 महीने का खर्च)
- लाइफ इंश्योरेंस
- हेल्थ इंश्योरेंस

**क्यों जरूरी है सुरक्षा?**

- मुश्किल समय में आर्थिक सहारा मिलता है
- परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित होती है
- आपके वित्तीय लक्ष्यों पर असर नहीं पड़ता

**एक नजर में लाभ**

- पैसों का बेहतर प्रबंधन
- सही निर्णय लेने की क्षमता
- तनाव में कमी
- भविष्य के लिए मजबूत आधार

**यह एक जीवनशैली :** फाइनेंशियल लिटरेसी सिर्फ एक स्किल नहीं, बल्कि एक जीवनशैली है। यह आपको अपने पैसों के प्रति जागरूक बनाती है और सही फैसले लेने में मदद करती है। चाहे आप कितना भी कमाते हों, अगर आप उसे सही तरीके से मैनेज करना जानते हैं, तो आप अपने सभी वित्तीय लक्ष्यों को हासिल कर सकते हैं। कमाई से ज्यादा जरूरी है समझदारी से खर्च, बचत और निवेश करना। अगर आप आज से ही इन सिद्धांतों को अपनाना शुरू कर देते हैं, तो भविष्य में एक सुरक्षित और समृद्ध जीवन आपका इंतजार कर रहा होगा।

गिरावट के दौर में समझदारी से करें काम

●

शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव सामान्य प्रक्रिया

●

मौजूदा गिरावट को अवसर के रूप में देखें

●

सही रणनीति, धैर्य और लंबी अवधि की सोच के साथ निवेश करें



# शेयर बाजार में हाहाकार

## कैसे होगा निवेशकों का बेड़ापार

ईरान युद्ध को एक महीना पूरा होने के साथ ही वैश्विक स्तर पर आर्थिक अनिश्चितता का माहौल बन गया है, जिसका सीधा असर भारतीय शेयर बाजार पर भी देखने को मिला है। बीते एक महीने में निफ्टी करीब 10 फीसदी तक गिर चुका है, जिससे इक्विटी म्यूचुअल फंड्स की वैल्यू में भी गिरावट आई है। इस उतार-चढ़ाव ने निवेशकों की चिंता बढ़ा दी है और वे अब यह सोचने पर मजबूर हैं कि मौजूदा हालात में उन्हें क्या रणनीति अपनानी चाहिए। सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या इस समय इक्विटी में एकमुश्त (लमसम) निवेश करना सही रहेगा? एक्सपर्ट्स का मानना है कि इसका जवाब निवेशक की जोखिम लेने की क्षमता और निवेश अवधि पर निर्भर करता है। वर्तमान में निफ्टी का प्राइस-टू-अर्निंग (पीई) रेश्यो घटकर लगभग 19.7 पर आ गया है, जो सितंबर 2024 के 24.4 के स्तर से काफी नीचे है। ऐतिहासिक रूप से 20 से नीचे का पीई रेश्यो लंबी अवधि के निवेश के लिए आकर्षक माना जाता है। ऐसे में जिन निवेशकों का नजरिया पांच साल या उससे अधिक का है और जो बाजार के उतार-चढ़ाव को सहन कर सकते हैं, वे निवेश के अवसर तलाश सकते हैं।

### चरणबद्ध तरीके से निवेश करें

हालांकि विशेषज्ञ एकमुश्त निवेश करने के बजाय चरणबद्ध तरीके से निवेश करने की सलाह देते हैं। उदाहरण के तौर पर, कुल निवेश राशि का लगभग 25-30 फीसदी अभी लगाया जा सकता है, जबकि बाकी रकम को आने वाले महीनों में धीरे-धीरे निवेश किया जा सकता है। इससे बाजार में और गिरावट की स्थिति में निवेशक बेहतर औसत कीमत हासिल कर सकते हैं।

### यह भी सुरक्षित रणनीति

एक अन्य सुरक्षित रणनीति सिस्टमैटिक ट्रांसफर प्लान (एसटीपी) हो सकती है। इसमें निवेशक पहले अपनी राशि को किसी लिक्विड फंड में डालते हैं, जहां उन्हें लगभग 6-7 फीसदी का रिटर्न मिल सकता है। इसके बाद यह राशि धीरे-धीरे इक्विटी फंड्स में ट्रांसफर होती रहती है। यह तरीका बाजार के उतार-चढ़ाव के जोखिम को कम करने में मदद करता है।

### पोर्टफोलियो की समीक्षा करें

अब बात करते हैं पोर्टफोलियो में बदलाव की। मौजूदा बाजार परिस्थितियां निवेशकों के लिए अपने पोर्टफोलियो की समीक्षा करने का सही समय मानी जा रही हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि निवेशकों को अपनी जोखिम क्षमता, वित्तीय लक्ष्यों और निवेश अवधि को ध्यान में रखते हुए अपने निवेश का पुनर्मूल्यांकन करना चाहिए। यदि किसी निवेशक का पैसा एक ही एसेट क्लास या किसी विशेष सेक्टर में अधिक केंद्रित है, तो उसे विविधता लाने की जरूरत है। बीते कुछ समय में कई निवेशकों ने सोना, चांदी या किसी खास थीमेटिक फंड में अधिक निवेश किया है, जिससे उनका पोर्टफोलियो असंतुलित हो गया है। ऐसे निवेशकों को लार्ज-कैप इंडेक्स फंड्स या फ्लेक्सी-कैप फंड्स जैसे विविधीकृत विकल्पों की ओर रुख करना चाहिए। इससे जोखिम कम होता है और लंबी अवधि में स्थिर रिटर्न मिलने की संभावना बढ़ती है।

### जल्दबाजी में निर्णय लेना नुकसानदायक

जहां तक घाटा दे रही स्कीमों का सवाल है, विशेषज्ञों का मानना है कि जल्दबाजी में निर्णय लेना नुकसानदायक हो सकता है। जिन निवेशकों की निवेश अवधि सात साल या उससे अधिक है, उन्हें डाइवर्सिफाइड इक्विटी फंड्स में निवेश जारी रखना चाहिए और शॉर्ट-टर्म गिरावट को नजरअंदाज करना चाहिए। बाजार में उतार-चढ़ाव सामान्य बात है और लंबी अवधि में यह अक्सर संतुलित हो जाता है।

### जोखिम क्षमता से अधिक है, तो पुनर्विचार करें

यदि किसी निवेशक का बड़ा हिस्सा सेक्टोरल या थीमेटिक फंड्स में लगा है और वह उनकी जोखिम क्षमता से अधिक है, तो उसे इस पर पुनर्विचार करना चाहिए। ऐसी स्थिति में अतिरिक्त निवेश कर नुकसान की भरपाई (एवरेजिंग) करना हमेशा सही रणनीति नहीं होती। बेहतर होगा कि निवेशक अपनी हिस्सेदारी को संतुलित करें और जरूरत पड़ने पर इन फंड्स में निवेश कम करके डाइवर्सिफाइड फंड्स में शिफ्ट करें। कुल मिलाकर, मौजूदा बाजार गिरावट को घबराने के बजाय एक अवसर के रूप में देखा जा सकता है, बशर्ते निवेशक धैर्य और समझदारी से काम लें। लंबी अवधि का नजरिया, विविधीकृत पोर्टफोलियो और चरणबद्ध निवेश जैसी रणनीतियां इस अस्थिर माहौल में भी निवेशकों को सुरक्षित और लाभदायक दिशा दे सकती हैं।

### एक्सपर्ट्स की सलाह

- गिरावट में घबराएं नहीं, यह निवेश का मौका भी हो सकता है
- लमसम के बजाय चरणबद्ध निवेश अपनाएं
- एसटीपी के जरिए जोखिम कम करें
- पोर्टफोलियो को डाइवर्सिफाइड रखें
- लंबी अवधि का नजरिया बनाए रखें

### इसलिए आई गिरावट

ईरान युद्ध के चलते वैश्विक अनिश्चितता बढ़ी है, जिसका असर भारतीय शेयर बाजार पर साफ दिख रहा है। पिछले एक महीने में निफ्टी करीब 10 फीसदी तक गिर चुका है। इसका सीधा असर इक्विटी म्यूचुअल फंड्स की वैल्यू पर पड़ा है, जिससे निवेशकों में घबराहट का माहौल है।

### रिटायरमेंट के बाद पैसा खत्म न हो

सही प्लानिंग और अनुशासन से बनाएं सुरक्षित भविष्य

बिजनेस डेस्क। हर इंसान चाहता है कि रिटायरमेंट के बाद उसकी जिंदगी आरामदायक और चिंता मुक्त हो। लेकिन जैसे ही नियमित आय का स्रोत बंद होता है, सबसे बड़ा सवाल सामने आता है। "क्या मेरी बचत पूरी जिंदगी साथ दे पाएगी?" बढ़ती महंगाई, हेल्थकेयर का खर्च और बदलती लाइफस्टाइल जरूरतें इस चिंता को और बढ़ा देती हैं। कई लोग यह तय ही नहीं कर पाते कि हर साल कितना खर्च करना सुरक्षित रहेगा ताकि पैसा जल्दी खत्म न हो। यहीं पर 4% रूल एक आसान और व्यवहारिक गाइडलाइन के रूप में सामने आता है। यह कोई जटिल फाइनेंशियल फॉर्मूला नहीं, बल्कि एक सरल तरीका है जो यह समझने में मदद करता है कि आपकी बचत को कितने संतुलित तरीके से खर्च किया जाए।

**क्या कहता है 4% रूल**

4% रूल के अनुसार आप रिटायरमेंट के पहले साल में अपनी कुल बचत का करीब 4% निकाल सकते हैं। इसके बाद हर साल इस अमाउंट को महंगाई के अनुसार थोड़ा बढ़ाया जाता है। उदाहरण के लिए, अगर आपके पास 50 लाख रुपए की बचत है, तो पहले साल आप करीब 2 लाख रुपए खर्च कर सकते हैं। इसका उद्देश्य यह है कि आपकी बाकी बचत निवेश में बनी रहे और समय के साथ बढ़ती भी रहे।

# अब पैसा भी करेगा आपके लिए काम

## पैसिव इनकम का आसान व स्मार्ट रास्ता

- पहले अपनी इनकम और खर्च को समझें, फिर इमरजेंसी फंड बनाएं
- अपनी स्किल्स से कमाई शुरू करें और छोटे-छोटे निवेश करें
- नियमित सिस्टम बनाकर धीरे-धीरे आगे बढ़ें
- स्थिर और अतिरिक्त इनकम का स्रोत तैयार करें

निवेश मंत्रा
बिजनेस डेस्क

पैसिव इनकम का मतलब है कम मेहनत में लगातार कमाई। इसके लिए पहले अपनी इनकम-खर्च समझें, फिर इमरजेंसी फंड बनाएं। अपनी स्किल्स से कमाई शुरू करें और छोटे-छोटे निवेश करें। नियमित सिस्टम बनाकर धीरे-धीरे आगे बढ़ें, जिससे समय के साथ स्थिर और अतिरिक्त इनकम का स्रोत तैयार हो सके। आप हर दिन मेहनत करके पैसा कमाते हैं। लेकिन जब कुछ पैसा अपने आप भी आपके लिए काम करने लगे, तो एक अलग सुकून मिलता है। यही 'पैसिव इनकम' का आसान मतलब है। यानी एक बार व्यवस्था बना लें और समय के साथ बिना ज्यादा रोजाना मेहनत के पैसा आता रहे। भारत में कई लोगों के लिए यह सिर्फ कमाने से आगे बढ़कर आर्थिक स्थिरता बनाने का पहला कदम होता है।

### सबसे पहले समझें अपनी इनकम और खर्च

- पैसिव इनकम की शुरुआत करने से पहले अपनी मौजूदा वित्तीय स्थिति को समझना बेहद जरूरी है। हर महीने आपकी कुल आमदनी कितनी है और खर्च किन-किन चीजों पर होता है, इसका साफ हिसाब रखें।
- अपने खर्च को तीन हिस्सों में बांटें जरूरी (राशन, किराया, बिल), जीवनशैली (मनोरंजन, घूमना) और बचत। इससे आपको पता चलेगा कि हर महीने कितना पैसा बचता है, जिसे आप निवेश या किसी पैसिव इनकम स्रोत में लगा सकते हैं।

### इमरजेंसी फंड बनाना है पहली प्राथमिकता

कोई भी निवेश शुरू करने से पहले एक मजबूत इमरजेंसी फंड होना जरूरी है। यह फंड कम से कम 3 से 6 महीने के खर्च के बराबर होना चाहिए। इसका फायदा यह है कि अचानक आने वाली मेडिकल, नौकरी या अन्य किसी समस्या के समय आपको अपने निवेश को तोड़ना नहीं पड़ेगा। यह आपकी वित्तीय योजना को सुरक्षित रखता है और आपको मानसिक शांति देता है।

### अपनी स्किल को बनाएं इनकम का जरिया

पैसिव इनकम का सबसे आसान और कम जोखिम वाला तरीका है। अपनी स्किल का इस्तेमाल करना। अगर आप किसी चीज में अच्छे हैं, जैसे पढ़ाना, लिखना, डिजाइनिंग, कुकिंग या म्यूजिक, तो उसे डिजिटल फॉर्म में बदल सकते हैं। आप ऑनलाइन कोर्स बना सकते हैं, ई-बुक लिख सकते हैं या वीडियो कंटेंट तैयार कर सकते हैं। एक बार यह काम तैयार हो जाने के बाद, यह लंबे समय तक आपको कमाई देता रहता है।

### छोटे निवेश से करें शुरुआत

बहुत से लोग यह सोचकर निवेश शुरू नहीं करते कि उनके पास बड़ी रकम नहीं है। जबकि सच्चाई यह है कि छोटे निवेश भी समय के साथ बड़ा रूप ले सकते हैं। हर महीने एक तय राशि निवेश करना एक मजबूत आदत बनाता है। यह निवेश धीरे-धीरे बढ़ता है और कंपाउंडिंग का फायदा देता है। जरूरी यह है कि आप नियमित रहें और लंबे समय के नजरिए से निवेश करें।

### ऑटोमेशन से बनाएं आसान सिस्टम

पैसिव इनकम का असली खेल सिस्टम बनाने में है। आप अपने बैंक अकाउंट से हर महीने ऑटोमैटिक निवेश या बचत की व्यवस्था कर सकते हैं। इससे आपको हर बार सोचने या निर्णय लेने की जरूरत नहीं पड़ेगी। यह छोटा सा कदम आपको अनुशासन सिखाता है और धीरे-धीरे बड़ी संपत्ति बनाने में मदद करता है।

### जोखिम और रिटर्न का रखें संतुलन

हर पैसिव इनकम का तरीका पूरी तरह सुरक्षित नहीं होता। कुछ विकल्प ज्यादा रिटर्न देते हैं, लेकिन उनमें जोखिम भी ज्यादा होता है। इसलिए जरूरी है कि आप अपने निवेश को अलग-अलग जगहों पर बांटें। इससे अगर एक जगह नुकसान हो, तो दूसरी जगह से संतुलन बना रहता है। सही संतुलन आपको स्थिर और सुरक्षित इनकम देता है।

### लाइफ इंश्योरेंस और सुरक्षा भी जरूरी

पैसिव इनकम की योजना में सुरक्षा को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। एक अच्छा इंश्योरेंस प्लान आपके परिवार को आर्थिक सुरक्षा देता है और आपके निवेश को भी सुरक्षित रखता है। यह आपके वित्तीय प्लान का एक मजबूत आधार बनता है, जिसे अक्सर लोग नजरअंदाज कर देते हैं।

### छोटे-छोटे कदम, बड़ा बदलाव

पैसिव इनकम कोई रातों-रात अमीर बनने का तरीका नहीं है। यह एक लंबी प्रक्रिया है, जिसमें धैर्य और अनुशासन की जरूरत होती है। आपको बड़े लक्ष्य के बजाय छोटे-छोटे सिस्टम बनाने पर ध्यान देना चाहिए। जैसे—हर महीने बचत करना, नियमित निवेश करना और साल में एक-दो बार अपनी योजना की समीक्षा करना।

### समय के साथ बनती है असली ताकत

पैसिव इनकम की सबसे बड़ी ताकत है समय। जितनी जल्दी आप शुरुआत करेंगे, उतना ज्यादा फायदा मिलेगा। छोटी-छोटी रकम समय के साथ बड़ी बन जाती है और एक स्थिर इनकम का स्रोत तैयार करती है। यह आपको आर्थिक आजादी की ओर ले जाती है, जहां आप सिर्फ काम करने के लिए काम नहीं करते, बल्कि अपने मन से जीवन जी सकते हैं।

### पैसे पैसा कमाएं

पैसिव इनकम एक सोच है, जो आपको सिर्फ कमाने से आगे बढ़कर संपत्ति बनाने की दिशा में ले जाती है। इसके लिए जरूरी है कि आप अपनी वित्तीय स्थिति को समझें, सुरक्षा फंड बनाएं, अपनी स्किल का उपयोग करें और छोटे-छोटे निवेश से शुरुआत करें। नियमितता, अनुशासन और सही योजना के साथ आप भी अपने पैसे को अपने लिए काम करने पर मजबूर कर सकते हैं।

खबर संक्षेप

## मोटरसाइकिल चोरी का आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** थाना मुरथल पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर चोरीशुदा बाइक बरामद की है। आरोपी की पहचान राजेश निवासी गांव गढ़ी असदपुर के रूप में हुई है। शिकायतकर्ता राकेश ने 1 अप्रैल 2026 को पुलिस को बताया था कि 30 मार्च को उसने अपनी मोटरसाइकिल बियर फैक्टरी मुरथल रोड स्थित पार्किंग में खड़ी की थी, जो शाम तक गायब हो गई। मामले में भारतीय न्याय संहिता के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान मुख्य सिपाही कुलदीप की टीम ने आरोपी को पकड़ लिया और उसके कब्जे से चोरीशुदा मोटरसाइकिल बरामद कर ली। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

## किसानों की सुविधाओं को प्राथमिकता देने के निर्देश

**गन्नौर।** अनाज मंडी में गेहूं खरीद सीजन के दौरान व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के लिए मार्केट कमेटी चेयरमैन निशांत छौक्कर ने शनिवार को निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों को किसानों की सुविधा को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मंडी में पेयजल, साफ-सफाई और अन्य मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि मंडी में आने वाले किसानों और मजदूरों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। मौके पर मंडी के संबंधित अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

### ब्राइट स्कॉलर स्कूल में वियतनामी प्रतिनिधियों का स्वागत

# सांस्कृतिक कार्यक्रम से बढ़ी भारत-वियतनाम की मित्रता

वियतनाम से आए प्रतिनिधियों के स्वागत में सांस्कृतिक कार्यक्रम



सोनीपत। ब्राइट स्कॉलर स्कूल में वियतनाम से आए अतिथियों के साथ प्राचार्या एवं अन्य।

- प्रतिनिधियों ने स्कूल के अनुशासन, सुविधाओं और छात्रों के व्यवहार की सराहना की।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

ब्राइट स्कॉलर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वियतनाम से आए प्रतिनिधियों के स्वागत में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को विभिन्न संस्कृतियों से परिचित कराना और भारत-वियतनाम के बीच संबंधों को मजबूत बनाना रहा।

स्कूल में मेहमानों का स्वागत प्रबंधन, शिक्षकों और छात्रों ने गर्मजोशी से किया। प्रधानाचार्य डॉ. किरण दलाल ने स्कूल की उपलब्धियों और शिक्षा के प्रति अपने दृष्टिकोण के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों को नई सोच और वैश्विक समझ विकसित करने में मदद करते हैं।

कार्यक्रम के दौरान वियतनामी प्रतिनिधियों ने छात्रों के साथ बातचीत की और अपने देश की संस्कृति, खान-पान और शिक्षा प्रणाली के बारे में बताया। उन्होंने छात्रों के लिए क्विज और गीत-संगीत गतिविधियां भी कराईं, जिससे माहौल उत्साहपूर्ण रहा। प्रतिनिधियों ने स्कूल के अनुशासन, सुविधाओं और छात्रों के व्यवहार की सराहना की। अंत में स्कूल प्रबंधन ने मेहमानों का आभार जताया।



गन्नौर। हैप्पी क्लासरूम प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान उपस्थित शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

## हैप्पी क्लासरूम से शिक्षण को रोचक बनाने पर दिया जोर

**गन्नौर।** जयंती प्रसाद डीएवी पब्लिक स्कूल में शिक्षकों के लिए एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें 'हैप्पी क्लासरूम' विषय पर प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षण प्रक्रिया को अधिक रोचक और विद्यार्थियों के अनुकूल बनाना था। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के शिक्षकों ने भाग लिया। विशेषज्ञों ने बताया कि आज के समय में विद्यार्थियों पर बढ़ते शैक्षणिक दबाव को कम करने के लिए कक्षा का वातावरण सकारात्मक और आनंददायक होना आवश्यक है। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को गतिविधियों, समूह चर्चा और रोल प्ले के माध्यम से नई शिक्षण तकनीकों से अवगत कराया गया। साथ ही शिक्षक-विद्यार्थी संबंधों को मजबूत बनाने और बच्चों के मानसिक व भावनात्मक विकास पर भी जोर दिया गया। स्कूल प्रबंधन ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से शिक्षकों को नई दिशा मिलती है, जिससे वे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में बेहतर योगदान दे सकते हैं।

# 199 ने करवाई जांच, स्वस्थ जीवनशैली के लिए गुर



सोनीपत। सेक्टर-14 स्थित सामुदायिक भवन में निशुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ करते चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

- जिला आयुष विभाग ने सेक्टर-14 स्थित सामुदायिक भवन व गांव नाहरी में लगाया निशुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

जिला आयुष विभाग ने जनहित में शनिवार को सेक्टर-14 स्थित सामुदायिक भवन में निशुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर लगाया। शिविर का उद्देश्य लोगों को आयुर्वेद, योग एवं अन्य आयुष पद्धतियों के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना रहा। साथ ही निःशुल्क चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना रहा। शिविर में आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक चिकित्सकों ने विभिन्न रोगों की जांच कर उनका उपचार कर परामर्श दिया। शिविर में डॉ. रजनीश, डॉ. कीर्ति, डॉ. जितेश, डॉ. दीक्षा, डॉ. स्वाति, डॉ. अल्पना, डॉ. रुचिता सहित अन्य आयुष चिकित्सकों ने सेवाएं दी। आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट मंदीप, होम्योपैथिक फार्मासिस्ट आदर्श व आयुष योग सहायकों ने भी अपना सहयोग दिया। शिविर में आए लोगों के सामान्य रोग, शल्य रोग, पंचकर्म, होम्योपैथिक, बाल रोग के लिए औषधीय पौधों से का प्रदर्शन व योग एवं जीवनशैली परामर्श दिया गया।

### शिविर का लाभ उठाएं

शिविर में विभिन्न रोगों के 165 मरीजों ने अपनी निशुल्क जांच करवाकर चिकित्सा सुविधा का लाभ उठाया। इस दौरान गठिया रोग, मधुमेह, पीनस, श्वास, चर्म रोग, हृदय रोग, रक्तचापाधिक्य आदि रोगों का उपचार किया गया। इसके अलावा विभाग की ओर से गांव नाहरी में भी शिविर लगाया गया, जहां 34 मरीजों ने अपनी जांच करवाई। जांच के बाद मरीजों को औषधियां वितरित की गईं। चिकित्सकों ने लोगों से अपील की, कि वह आयुष विभाग की ओर से चलाए जा रहे निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाएं और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की दिशा मंय एक कदम आगे बढ़ाएं।

# शौर्य और बलिदान की प्रतीक थी सेनापति झलकारी बाई : धर्मपाल

- महारानी लक्ष्मीबाई के वेश में अंग्रेजों से लोहा लेती थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

शनिवार को झलकारी बाई को उनके बलिदान दिवस पर याद किया गया। उनकी स्मृति में उनका श्रद्धांजलि समारोह शहर के गांधीनगर की रविदास चौपाल में आयोजित किया गया। मार्गदर्शन आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने किया। मुख्य वक्ता हरियाणा प्रदेश चमार महासभा के गोहाना इकाई के पूर्व अध्यक्ष जेई धर्मपाल ने कहा झलकारी बाई झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की नियमित सेना में महिला शाखा दुर्गादल की सेनापति थी। वे लक्ष्मी बाई की हमशक्ल भी थी। इस कारण शत्रु को धोखा देने के लिए वे रानी के वेश में भी युद्ध लड़ती थी। अपने अंतिम समय में रानी के वेश में युद्ध करते हुए वह अंग्रेजों के हाथों पकड़ी गई और महारानी लक्ष्मीबाई को किले से भाग निकलने का अवसर मिल गया। सतबीर , श्रीभगवान , महावीर राठी, ब्रह्मदत्त आदि मौजूद रहे।



गोहाना। झलकारी बाई के चित्र पर पुष्प अर्पित करते नागरिक। फोटो : हरिभूमि

### लोगों को कानूनी सेवा-अधिकारों की दी जानकारी

**सोनीपत।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में मेडिएशन फॉर द नेशन और हरियाणा सामुदायिक मध्यस्थता कार्यक्रम के तहत गांव प्रीतमपुरा, ब्लॉक राई में जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी-सह-सचिव प्रचेता सिंह के मार्गदर्शन में हुआ। शिविर में पैनल अधिवक्ता इर्रा रानी और सामुदायिक मध्यस्थ सुनीता ने लोगों को मध्यस्थता के महत्व पर जानकारी देते हुए बताया कि यह सस्ता, सरल और त्वरित विवाद समाधान का माध्यम है, जिससे आपसी सहमति से विवाद सुलझाए जा सकते हैं। इसके साथ ही वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों और के प्रावधानों पर भी प्रकाश डाला गया। लगभग 50 लोगों ने शिविर में भाग लिया।




सोनीपत। शिविर में लोगों को जानकारी देते अधिवक्ता। फोटो : हरिभूमि

# जाति विशेष पर टिप्पणी करने वाले अधिकारी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की उठी मांग

- कई गांव के मौजिज व्यक्ति थाना प्रभारी से मिलने पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

आसपास के गांवों के मौजिज व्यक्ति थाना प्रभारी से मिलने पहुंचे ताकि पूर्व में दी गई शिकायत पर कार्रवाई की स्थिति जान सकें। बिजली विभाग के एसई गीतू तंवर की एक वीडियो वायरल हुई थी जिसमें एक जाति विशेष के प्रति अभद्र भाषा में कथित टिप्पणी की गई थी। जिसे लेकर एक अप्रैल को लिखित में शिकायत दी गई थी। पुलिस थाना पहुंचा प्रतिनिधि मंडल उक्त शिकायत पर दर्ज की गई प्राथमिकी की कॉपी लेने चाहते थे। थाना प्रभारी थाना में नहीं मिले। लेकिन उनसे फ़ोन पर बात हो पाई। एसएचओ ने उन्हें बताया कि वर्णित मामले की जांच डीसीपी सोनीपत कर रहे है और वही इसकी एफआईआर दर्ज करेंगे। शिकायतकर्ता केहर सिंह ने कहा कि उन्हें आरोपित से माफीनामा नहीं चाहिए बल्कि कानूनी कार्यवाही चाहिए और पुलिस अपना काम करें।



खरखौदा। थाना प्रभारी से मिलने थाना पहुंचा प्रतिनिधिमंडल। फोटो :हरिभूमि



सोनीपत। प्रतियोगिता में हिस्सा लेते प्रतिभागी। फोटो :हरिभूमि

### भाषण में जानवी, पावरपाइंट में दीपिका प्रथम

**सोनीपत।** राजकीय कन्या महाविद्यालय, सोनीपत में शनिवार को एनकॉर्ड एंटी-ड्रग अभियान के तहत भूगोल विभाग और एंटी-ड्रग अवेयरनेस सेल द्वारा संयुक्त रूप से जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. नरेश अंतिल के मार्गदर्शन में आयोजित इन गतिविधियों में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिताओं के परिणामों में भाषण में बीए छठे सेमेस्टर की छात्रा जानवी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्लोगन राइटिंग में बीकॉम चौथे सेमेस्टर की छात्रा विजेता रही, जबकि पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता में बीए छठे सेमेस्टर की दीपिका ने पहला स्थान हासिल किया। कार्यक्रम का सफल संचालन भूगोल विभाग से डॉ. प्रवीण कुमार और एंटी-ड्रग अवेयरनेस सेल से डॉ. सुनील पंवार द्वारा किया गया। डॉ. वंदना नासा, डॉ. राजेश भारद्वाज, डॉ. सतीश मलिक, डॉ. राजेश ढाका, डॉ. नीलम सैनी, डॉ. अमिता मौजूद रहे।

# लक्ष्य हासिल करने के लिए मेहनत जरूरीः ढुल

- यूपीएससी की परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर एकांश ने हासिल किया था रैंक-3

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

यूपीएससीः 2025 की परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर रैंक-3 प्राप्त करने वाले आईएएस एकांश ढुल का शनिवार को गांव तिहाड़ मलिक में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में ग्रामीणों ने एकांश ढुल को पगड़ी बांधी और चादर एवं स्मृति चिह्न भेंट करके सम्मानित किया। एकांश ने तीसरे प्रयास में यह अकूत सफलता प्राप्त की।

सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि आईएएस एकांश ढुल के पिता एवं भाजपा प्रवक्ता कृष्ण ढुल थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रविन्द्र मलिक ने किया और संयुक्त अध्यक्षता सरपंच नरेंद्र मलिक, जिला पार्षद राजेश कुकु और पंचायत समिति पार्षद मुकेश ने की। अपने संबोधन में एकांश ढुल ने कहा कि उनका एकमात्र लक्ष्य यूपीएसपी की परीक्षा को उतीर्ण करना था। वह अपने लक्ष्य पर बने रहे और उसे हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत की। हरियाणा यूनिवर्सिटीज कॉन्ट्रैक्चुअल टीचर्स एसोसिएशन (हुकटा) के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. विजय मलिक ने बताया की एकांश ढुल ने 25 साल की कम उम्र में यह सफलता प्राप्त करके युवाओं को सच्ची लग्न के साथ कठोर परिश्रम करने की प्रेरणा दी है। इस अवसर पर गांव तिहाड़ गोशाला के अध्यक्ष फूलकंवार सहित आसपास के अन्य गणमान्य व्यक्ति व हुकटा प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



गोहाना। ग्रामीणों के साथ मंच पर बैठे एकांश ढुल। फोटो : हरिभूमि

### छात्रों ने गीत संगीत व नाटक में दिखाई प्रतिभा

**सोनीपत।** गेटवे कॉलेज में आयोजित 'युगांतर' इंटर कॉलेज एनुअल फेस्टिवल का दो दिवसीय आयोजन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इसमें 20 से अधिक कॉलेजों के विद्यार्थियों ने भाग लेकर नृत्य, संगीत, नाटक, फैशन वॉक, टी-शर्ट पेंटिंग और टैलेंट हंट जैसी प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा दिखाई। प्रतियोगिताओं में दीनबंधु छोटू राम विश्वविद्यालय के प्रिंस और मुकुल ने टी-शर्ट पेंटिंग में प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि आर्य पीजी कॉलेज की खुशी सक्सेना सोलो डांस में विजेता रहीं। फैशन वॉक में गेटवे कॉलेज की अंशु और कनव ने बाजी मारी, वहीं टैलेंट हंट में पंडित नेकीराम कॉलेज रोहतक के सोनू कुमार प्रथम रहे। विजेताओं को मिसेज हरियाणा निधि मोर ने सम्मानित किया। कार्यक्रम के साथ फेयरवेल पार्टी भी आयोजित हुई, जिसमें अभि और अनिशी को मिस्टर व मिस फेयरवेल चुना गया।



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान विजेता विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

### साइबर सेल के विशेष अभियान से लाखों रुपये के फोन रिकवर

# जिला पुलिस ने 40 गुमशुदा मोबाइल बरामद कर असल मालिकों को सौंपे

*फोनों की अनुमानित कीमत करीब दस लाख रुपये*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

साइबर सेल ने मार्च माह में चलाए गए विशेष अभियान के तहत 40 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद कर उनके असल मालिकों को सौंप दिए। इन मोबाइल फोनों की अनुमानित कीमत करीब दस लाख रुपये बताई गई है। विभिन्न कंपनियों के ये फोन शुक्रवार 3 को सहायक पुलिस आयुक्त राजपाल सिंह द्वारा संबंधित प्रक्रिया पूरी करने के बाद उनके मालिकों को लौटाए गए।



सोनीपत। लोगों को मोबाइल फोन देते पुलिस कर्मी। फोटो :हरिभूमि

साइबर सेल की टीम ने सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के आधार पर मोबाइल फोन की लोकेशन ट्रैक की और तकनीकी विश्लेषण कर उन्हें बरामद किया। पुलिस के अनुसार, इस वर्ष अब तक कुल 117 गुमशुदा मोबाइल फोन ढूंढकर लोगों को लौटाए जा चुके हैं। अधिकारियों ने बताया कि मोबाइल गुम या चोरी होने की स्थिति में तुरंत नजदीकी थाने में शिकायत दर्ज कराने के साथ सीईआईआर पोर्टल पर ऑनलाइन रिपोर्ट करना जरूरी है।

# अपमानजनक आचरण को सहन नहीं किया जाएगा

- हरियाणा पावर इंजीनियर एसोसिएशन ने फाजिलपुर बिजली घर में की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

हरियाणा पावर इंजीनियर एसो के पदाधिकारियों व सदस्यों ने शनिवार को फाजिलपुर बिजली घर में बैठक की। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि निलंबित किए अधीक्षक अभियंता गीतूराम तंवर की ओर से अधिकारियों के प्रति अमर्यादित व अपमानजनक शब्दों के प्रयोग करने की निंदा की गई। एसोसिएशन ने मांग की, कि निलंबित किए अधीक्षक अभियंता से संबंधित सभी आरोपों एवं शिकायतों की निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध जांच किसी सक्षम प्राधिकरण/एजेंसी से कराई जाए। इससे सही तथ्यों के आधार पर उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। एसोसिएशन के सदस्यों ने कहा कि संगठन कार्यस्थल पर गरिमामय, सम्मानजनक एवं पेशेवर वातावरण बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। किसी भी प्रकार के अनुचित, अमर्यादित अपमानजनक आचरण को किसी भी परिस्थिति में सहन नहीं किया जाएगा। मांगे पूरी होने तक हर रोज शाम 5 बजे फाजिलपुर काम्प्लेक्स में गेट मीटिंग जारी रहेगी। राजेश जाखड़, कपिल कौशिक, दलजीत वर्मा, अश्वनी कौशिक, रूपेश गहलावत, मनीष लांबा, रणबीर देशवाल, दीपक, अंकित, अशोक, रवि, अशोक शर्मा, रविंद्र पंवार आदि मौजूद रहे।



सोनीपत। एससी के अधिकारियों के प्रति रवैये को लेकर रोष जताते हरियाणा पावर इंजीनियर एसोसिएशन के सदस्य।

## खबर संक्षेप

### अवैध शराब बेचते आरोपी को किया गिरफ्तार

**सोनीपत।** थाना कुण्डली पुलिस ने अवैध शराब बेचने के मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान अरुण निवासी गांव कुण्डली के रूप में हुई है। पुलिस टीम को 3 अप्रैल 2026 को गश्त के दौरान सूचना मिली थी कि फ्रेंड्स कॉलोनी दिल्ली बॉर्डर के पास एक व्यक्ति अवैध शराब बेच रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने मौके पर छापा मारा।

### मोबाइल चोरी के मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** सोनीपत। थाना सिविल लाइन पुलिस ने दुकान में चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों की पहचान कुलदीप निवासी भदाना और सुंदर उर्फ चाचा निवासी बड़ा खेड़ा, दिल्ली के रूप में हुई है। शिकायतकर्ता राजीव ने 30 मार्च 2026 को बताया था कि उसकी मोबाइल दुकान का ताला तोड़कर 50 हजार रुपये और 25 मोबाइल फोन चोरी कर लिए गए। मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया।

### हमले के मामले में चौथा आरोपित गिरफ्तार



**सोनीपत।** थाना सदर पुलिस ने जानलेवा हमले के मामले में फरार चल रहे चौथे आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान दीपांशु उर्फ दीपू निवासी गांव भटगांव के रूप में हुई है। यह मामला 28 जनवरी 2026 का है, जब शिकायतकर्ता जसबीर पर खेत में बुलाकर कई लोगों ने लाठी, डंडों, तलवार और नुकीले हथियारों से हमला किया था। हमले में उसकी टांगें और हाथ तोड़ दिए गए थे तथा जान से मारने की धमकी दी गई थी। पुलिस ने पहले ही तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया था। अब उप निरीक्षक नीरज की टीम ने चौथे आरोपी को भी पकड़ लिया है।

### मंडियों में अब तक करीब 9 हजार क्विंटल गेहूं की आवक

*सभी आवश्यक सुविधाएं समयबद्ध व सुचारू रूप से उपलब्ध करवाई जाएंगी*

# खरीद कार्य ने पकड़ी रफ्तार, हर मंडी में नोडल अधिकारी तैनात

## सतत निगरानी रखने और समस्याओं के तुरंत समाधान के निर्देश

अब तक किसानों की 8140 क्विंटल गेहूं की खरीद की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

रबी विपणन सीजन 2026-27 के दौरान जिले में गेहूं, सरसों व चना फसल की खरीद प्रक्रिया को सुचारू, पारदर्शी व व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के जिला प्रशासन की ओर से सभी तैयारियां पूर्ण की गई हैं। जिलाधीश नेहा सिंह ने जिले की सभी मंडियों व खरीद केंद्रों पर पारदर्शी खरीद प्रक्रिया के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए हैं। वहीं रोहतक रोड स्थित नई अनाज मंडी में तीसरे दिन भी गेहूं की आवक व खरीद जारी रही। मंडी में अब तक करीब 9 हजार क्विंटल, जबकि शनिवार को 6270 क्विंटल गेहूं की आवक हुई। एजेंसियों की ओर से शहर की मंडी में अब तक किसानों की 8140 क्विंटल गेहूं की खरीद की गई है।



**सोनीपत।** नई अनाज मंडी में शेड के नीचे पड़ी गेहूं।

#### खरीद प्रक्रिया पर रखेंगे नियमित निगरानी

जिलाधीश नेहा सिंह ने बताया कि सभी नियुक्त नोडल अधिकारी अपनी-अपनी मंडियों में खरीद प्रक्रिया की नियमित निगरानी रखेंगे। यह सुनिश्चित करेंगे कि किसानों को अपनी फसल बेचने में किसी प्रकार की असुविधा न हो। मंडियों में तुलाई, भुगतान, उठान एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं समयबद्ध व सुचारू रूप से उपलब्ध करवाई जाएंगी। जिलाधीश नेहा सिंह ने संबंधित उपमंडल मजिस्ट्रेट (एसडीएम) को निर्देश दिए कि वह पर्यवेक्षक अधिकारी के रूप में खरीद प्रक्रिया की सतत निगरानी रखें। किसी भी प्रकार की समस्या या बाधा उत्पन्न होने पर उसका तुरंत समाधान सुनिश्चित करें। सभी अधिकारी सरकार की ओर से निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) एवं अन्य खरीद मानकों का कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करेंगे। किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता पाए जाने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

#### गन्नौर अनाज मंडी में नियुक्त अधिकारी

जिलाधीश नेहा सिंह ने बताया कि गन्नौर अनाज मंडी के लिए तहसीलदार गन्नौर, पुरखास गांव में बने खरीद केंद्र के लिए नायब तहसीलदार गन्नौर, गांव भिगान में बने खरीद केंद्र के लिए बीडीपीओ गन्नौर, गांव सनपेड़ा स्थित खरीद केंद्र के लिए पंचायत राज गन्नौर के संबंधित एसडीओ, गांव दातौली के लिए कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के गन्नौर में कार्यरत एसडीओ को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। इसके अलावा गोहाना स्थित अनाज मंडी में नायब तहसीलदार गोहाना, गांव मुंडलाना में बने खरीद केंद्र पर बीडीपीओ मुंडलाना, गांव खानपुर कलां में बने खरीद केंद्र पर नायब तहसीलदार खानपुर, गांव बरोदा में बने खरीद केंद्र पर बीडीपीओ कथूरा, गांव बिचपड़ी में बने खरीद केंद्र पर बीडीपीओ मुंडलाना, गांव कासंडी में बने खरीद केंद्र पर बीडीपीओ गोहाना और गांव भैंसवाल कलां में बने खरीद केंद्र पर कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के एसडीओ गोहाना को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

#### खरखौदा अनाज मंडी में इन्हें किया नियुक्त

वहीं खरखौदा स्थित अनाज मंडी के लिए तहसीलदार खरखौदा, गांव फरमाणा में बने खरीद केंद्र पर नायब तहसीलदार खरखौदा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार गांव मुरथल में बने खरीद केंद्र पर बीडीपीओ मुरथल, गांव मोहाना में बने खरीद केंद्र पर बीडीपीओ सोनीपत, सोनीपत स्थित अनाज मंडी के लिए तहसीलदार सोनीपत, सोनीपत साइलो के लिए नायब तहसीलदार सोनीपत, गांव नाहरा स्थित खरीद केंद्र पर बीडीपीओ राई और गांव हुल्लाहेड़ी स्थित खरीद केंद्र पर पंचायती राज विभाग सोनीपत के एसडीओ को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## नपा ने ब्राह्मण मोहल्ला में अतिक्रमण हटाया




हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

शहर के ब्राह्मण मोहल्ले में नगरपालिका ने कार्रवाई करते हुए वर्षों पुराने अतिक्रमण को ढहा दिया। इस दौरान लंबे समय से पानी निकासी में बाधा बने रैंप व स्लैब उखाड़े गए, न्यायालय के आदेश पर इस कार्रवाई को अंजाम देना बताया जा रहा है। जिसके बाद ब्राह्मण मोहल्ले की पानी निकासी अब दुरुस्त हो जाने की बात कही जा रही है। पालिका सचिव मनीष रेढू अपनी टीम के साथ पुलिस बल को लेकर ब्राह्मण मोहल्ले में पहुंचे। जहां पर लंबे समय से गली के एक तरफ नाली न होने से पानी निकासी की समस्या गंभीर बनी हुई थी। जबकि जिस पुलिया के नीचे से दूषित पानी गुजारा जा रहा था, वह आए दिन भारी वाहनों के गुजरने से टूट रही थी। नगरपालिका की तरफ से कई बार यहां पर स्लैब रखे गए, लेकिन कामयाबी नहीं मिल पा रही थी, जिससे पानी निकासी की समस्या और ज्यादा गहरा गई थी। टीम ने अपनी कार्रवाई शुरू करते हुए कई दुकानों व कई मकानों के आगे किए गए अतिक्रमण को हटाने का काम किया गया।

### 6 करोड़ की लागत से बना अनाथ एवं वृद्ध आश्रम

**गोहाना।** जनसेवा संस्थान रोहतक द्वारा जींद रोड स्थित खंदराई मोड़ के निकट लाला कपूर चंद अग्रवाल अनाथ एवं वृद्ध आश्रम का निर्माण पूरा कर लिया गया है। करीब छह करोड़ रुपये की लागत से तैयार यह आश्रम रविवार को विधिवत उद्घाटन के साथ शुरू हो जाएगा।' उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा होंगे। अध्यक्षता संत मुकंद हरि महाराज करेंगे। शनिवार को डॉ. स्वामी परमानंद महाराज ने आश्रम पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि उद्घाटन अवसर पर संत समागम, यज्ञ और भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 32 से अधिक संत एवं महात्मा भाग लेंगे। आश्रम में लगभग 240 अनाथ बच्चों और वृद्धों के रहने की व्यवस्था की गई है। यहां रहने और भोजन की सुविधा पूरी तरह निःशुल्क होगी। जनसेवा संस्थान द्वारा रोहतक, जींद, चरखी दादरी, पानीपत और बहादुरगढ़ में भी ये आश्रम संचालित किए जा रहे हैं। समारोह में लाला कपूर चंद अग्रवाल, आनंद बंसल, रामधारी जिंदल, रजनी विरमानी, सूर्यप्रकाश अग्रवाल सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे।

## नए नियमों को बर्दाश्त नहीं करेगी इनेलो : ओमप्रकाश

*नई अनाजमंडी में स्थापित किसान कष्ट निवारण केंद्र को सुचारू रूप से चलाया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



इनेलो नेताओ ने शनिवार को गोहाना अनाज मंडी में किसान कष्ट निवारण केंद्र को सुचारु रूप से चलाया। इनेलो कार्यकर्ताओं ने सरकार द्वारा फसल खरीद को लेकर बनाए गए नियमों के खिलाफ प्रदर्शन भी किया। वरिष्ठ इनेलो नेता एवं पूर्व प्रत्याशी ओमप्रकाश गोयल ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा अनाज मंडियों में फसल बिक्री को लेकर बनाए गए नए नियम किसान विरोधी हैं। नए नियमों के तहत किसानों की अपनी फसल बिकने में 3 महीने से भी अधिक समय लगेगा। ऐसे में किसानों की परेशानी अधिक बढ़ जाएगी। ऐसे में पूरे दिन में महज 170 पास ही बन पाएंगे। गोहाना हलका अध्यक्ष गोपाल जाजी और शहरी अध्यक्ष राजेश हसीजा ने कहा कि सरकार नए नियमों को शीघ्र वापस ले। घोटाला रोकने के नाम पर ये नियम किसानों को परेशान करने के लिए बनाए गए हैं। इस अवसर पर अतुल मलिक, भगत सैन, सुशील शर्मा, तारीफ नरवाल, रणधीर लाठ, नवीन राठी, दिलशेर सिवाच, रामकुमार मान और कुलदीप सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 58 करोड़ खर्च, फिर भी अधूरी इमारत: दीवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शहरी जिला कांग्रेस अध्यक्ष कमल दिवान ने कहा कि नगर निगम की नई बिल्डिंग, जो शहर के आधुनिकीकरण का प्रतीक बननी थी, अब विवादों के घेरे में आ गई है। निर्माण कार्य में हो रही अत्यधिक देरी और लगातार बढ़ती लागत को उन्होंने जनता के पैसे की बर्बादी बताया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2020-21 में शुरू हुआ यह प्रोजेक्ट अधिकारियों की लापरवाही के कारण अब तक अधूरा पड़ा है। कमल दीवान ने कहा कि इस अत्याधुनिक बिल्डिंग का निर्माण कार्य 2022 के अंत तक पूरा होना था, लेकिन अब 2025 बीतने को है और काम अभी भी अधूरा है। उन्होंने कहा कि हैरानी की बात यह है कि करीब 58 करोड़ रुपये खर्च होने के बाद भी प्रशासन 28 करोड़ रुपये के अतिरिक्त बजट की मांग कर रहा है। यह सीधे तौर पर भ्रष्टाचार और गलत योजना का परिणाम प्रतीत होता है। उन्होंने प्रशासन द्वारा सेक्टर-3 स्थित इस पांच मंजिला बिल्डिंग को नगर निगम और सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण (एसएमडीए) के संयुक्त मुख्यालय के रूप में विकसित करने के फैसले पर भी सवाल उठाए। उनका कहना है कि पहले यह बिल्डिंग केवल नगर निगम की सुविधाओं, जैसे मेयर, निगम आयुक्त और पार्षदों के कार्यालयों के लिए प्रस्तावित थी, लेकिन अब इसमें एसएमडीए को भी शामिल किया जा रहा है। इससे भविष्य में जगह की कमी की समस्या पैदा होगी और फिर करोड़ों रुपये जमीन अधिग्रहण पर खर्च करने पड़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि पुरानी बिल्डिंग में जगह की कमी का हवाला देकर इस प्रोजेक्ट को शुरू किया गया था।



**सोनीपत।** नगर निगम की अधूरी इमारत।

#### जांच और जवाबदेही की मांग

कांग्रेस शहरी जिला अध्यक्ष कमल दिवान ने मांग की कि इस प्रोजेक्ट की शुरुआत से अब तक किए गए भुगतान और निर्माण गुणवत्ता की न्यायिक जांच कराई जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शेष कार्य को युद्ध स्तर पर पूरा नहीं किया गया और लागत बढ़ने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे को जनता की अदालत में लेकर जाएगी।

### टीकाराम की छात्राओं ने मेरिट में बनाई जगह

**सोनीपत।** टीकाराम कन्या महाविद्यालय की एमए मनोविज्ञान की छात्राओं ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। एमए मनोविज्ञान द्वितीय वर्ष की छात्रा अंजलि ने सातवां, मंजू ने नौवां, निकिता ने दसवां, पायल ने 17वां एवं ज्योति ने 20वां स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर टीकाराम शिक्षण समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह दहिया और कॉलेज की प्राचार्या गीता ने छात्राओं को बधाई दी। उन्होंने छात्राओं को आगे भी निरंतर मेहनत कर सफलता के नए आयाम स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मनोविज्ञान विभाग की अध्यापिकाएं अनु और नैन्सी भी उपस्थित रहीं।



**सोनीपत।** मेरिट सूची में स्थान बनाने वाली छात्राओं के साथ प्राचार्या एवं अन्य।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9253681005, 9253681010

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## फसलों का मुआवजा दे सरकार : गहलावत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



इंडियन नेशनल लोकदल जिला सोनीपत के अध्यक्ष कुणाल गहलावत ने सोनीपत अनाज मंडी में कहा जिले की सभी मंडियों में किसान कष्ट निवारण केंद्र खोल दिए हैं। सभी किसान कष्ट निवारण केंद्रों पर इनेलो के सभी जिला/हल्का अध्यक्षों समेत वरिष्ठ पदाधिकारियों की जिम्मेवारी लगाई गई है। सभी किसानों को सरकार द्वारा लागू किए गए बायोमेट्रिक सत्यापन, ट्रैक्टर ट्रॉली पर नंबर प्लेट और अन्य मनमानी शर्तों ने बुरी तरह से परेशान किया हुआ है। किसान कष्ट निवारण केंद्र खुलने के बाद भारी संख्या में किसान अपनी परेशानियों को लेकर पहुंच रहे हैं। मंडियों में किसानों के साथ किए जा रहे शोषण के खिलाफ इनेलो पार्टी द्वारा खोले गए किसान कष्ट निवारण केंद्रों की इस पहल को किसान बहुत सराह रहे हैं और फसल बेचने में मिल रही मदद से बेहद खुश हैं। इनेलो के पदाधिकारी भी अपनी जिम्मेवारी को बखूबी निभा रहे हैं और किसानों की समस्याओं को लेकर अधिकारियों से मिलकर उनका तुरंत निवारण कर रहे हैं। ऐसा पहली बार हुआ है कि किसानों की परेशानियों को समझते हुए किसी राजनीतिक पार्टी ने इतना बड़ा कदम उठाया है। पिछले कुछ दिनों में हुई ओलावृष्टि के कारण बर्बाद हुई फसल के लिए भी इनेलो पार्टी ने आवाज उठाते हुए तुरंत विशेष गिरदावरी करवा कर 50 हजार रुपए प्रति एकड़ मुआवजा देने की मांग भी की है।




**सोनीपत।** बोर्ड का अनावरण करते हुए निवर्तमान मेयर राजीव जैन।

### संत गुरु सुदर्शन लाल की जयंती मनाई

**सोनीपत।** संत गुरु सुदर्शन लाल महाराज की 103 वीं जयंती श्रद्धा के साथ मनाई गई और जैन संतों ने प्रवचन के माध्यम से उनके जीवन पर विचार प्रकट किये और सभी से उनके सिद्धांतों को आत्मसात करके जीवन में अपनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। जैन स्थानक सेक्टर 15 में आयोजित कार्यक्रम में प्रवचन के बाद नगर निगम के निवर्तमान मेयर राजीव जैन का स्वागत किया गया। राजीव जैन ने जैन स्थानक की छत पर ध्वजारोहण किया और ओसराम चौक पर लगाए गए गुरु सुदर्शन मार्ग के बोर्ड का अनावरण किया। जय मुनि महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि गुरु सुदर्शन नाम के अनुरूप काम एवं भाव से भी सुदर्शन थे। वह अपने अंदर सूर्य देवता के उदय और अस्त को समेटे हुए थे। जय मुनि ने आगे कहा कि गुरु सुदर्शन ने पूरे देश में घूम घूम कर भगवान महावीर के अहिंसा, सत्य एवं जीओ और जीने दो के सिद्धांतों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य करते हुए लगभग 2900 से ज्यादा युवाओं को साधु जीवन में आकर समाज कल्याण का कार्य करने की प्रेरणा दी।

### वेस्ट जोन में कम्युनिटी लायजन ग्रुप का गठन

**सोनीपत।** कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा आमजन और पुलिस के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से वेस्ट ज़ोन, सोनीपत पुलिस द्वारा कम्युनिटी लायजन ग्रुप का गठन किया गया है। यह आदेश डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस (वेस्ट ज़ोन), सोनीपत द्वारा जारी किया गया। इस नवगठित सीएलजी में विभिन्न सामाजिक, व्यापारिक एवं संस्थागत क्षेत्रों से जुड़े प्रतिष्ठित व्यक्तियों को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। जिसमें संजय सिंगला (प्रधान, जिला व्यापार मंडल, सोनीपत), संजय वर्मा (चेयरमैन, जिला व्यापार मंडल), शालू संतोष त्यागी, सतीश माथुर (डायरेक्टर, सेफ इंडिया फाउंडेशन), रमेश जैन, प्रियंका मुंजाल, राज सिंह (सेवानिवृत्त सब इंस्पेक्टर), दिनेश कुमार, डॉ. राज सिंह सांगवान (एडवोकेट) एवं सतीश कुमार (सेवानिवृत्त शिक्षा विभाग) को सदस्य नामित किया गया है।

**अभियान** डॉ. अरविंद शर्मा और उनकी पत्नी डॉ. रीटा शर्मा ने किया शुभारंभ

# 2100 जरूरतमंद बेटियों को मिलेगी मुफ्त कम्प्यूटर शिक्षा

*प्रधानमंत्री के अभियान बेटी बचाओ -बेटी पढ़ाओ के तहत पुनीत कार्य*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

पंजाबी सेवा संगठन द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अभियान बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के तहत आर्थिक रूप से जरूरतमंद परिवारों की 2100 बेटियों को निःशुल्क कम्प्यूटर शिक्षा दी जाएगी। कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने अपनी पत्नी डॉ. रीटा शर्मा के साथ इस सेवा का शुभारंभ किया। मंत्री ने संगठन के इस पुनीत कार्य की सहारना की।

संगठन अध्यक्ष सुमित कक्कड़ बताया कि जिन परिवारों की फैमिली इनकम तीन लाख रुपए तक है उन सभी परिवारों की बेटियों को निःशुल्क कम्प्यूटर शिक्षा दी जाएगी। छात्राओं को एडीसीए, डीसीए और डीएफए कोर्स करवाए जाएंगे। कम्प्यूटर कोर्स करने के बाद छात्राएं आत्मनिर्भर बन सकेंगी। संस्था फाउंडर सदस्य अरुण बड़ौक और सुरेंद्र कालड़ा ने कहा सभी छात्राओं को एक वर्षीय कंप्यूटर कोर्स करवाया जाएगा और कोर्स पूरा होने के बाद उनको प्रमाण पत्र भी वितरित किए जाएंगे। कार्यक्रम का संयोजन संस्था सचिव पंकज पसरीजा ने किया।




**गोहाना।** नि :शुल्क कम्प्यूटर शिक्षा सेवा का शुभारंभ करते हुए मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा और उनकी पत्नी डॉ. रीटा शर्मा। फोटो : हरिभूमि

#### मंत्री ने की 5 लाख रुपये देने की घोषणा

मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा शिक्षा के क्षेत्र में यह एक सराहनीय कदम है। संगठन की इस मुहिम में कम्प्यूटर शिक्षा प्राप्त कर बेटियां आत्मनिर्भर बनेंगी और अपने परिवार को आर्थिक स्थिति से भी मजबूत करेंगी। मंत्री ने इस सेवा के लिए अपने स्वैच्छिक कोष से 5 लाख रुपए देने की घोषणा की ।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पार्षद अंजू कालड़ा, बबली देवी, विजय पांचाल, संजय मेंहदीरत्ता, सुरेंद्र मेहता, कृष्ण सैनी, ओम प्रकाश शर्मा, कमलेश सैनी व सतीश चाबा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



**सोनीतप।** बैठक में उपस्थित गोशालाओं के प्रतिनिधि एवं गोरक्षक।

### अवैध चंदा वसूली रोकने को जनजागरण अभियान शुरू

**सोनीपत।** छोटूराम धर्मशाला में संत गोपाल दास के मार्गदर्शन में आयोजित बैठक में अवैध रूप से चंदा मांगने वालों के खिलाफ जनजागरण अभियान शुरू करने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता जितेंद्र मलिक ने की, जिसमें जिलेभर की गोशालाओं के प्रतिनिधि और गोरक्षक शामिल हुए। बैठक में बताया गया कि कुछ लोग गोशाला और धार्मिक कार्यों के नाम पर घर-घर जाकर महिलाओं व बुजुर्गों को भावनात्मक रूप से प्रभावित कर चंदा एकत्रित करते हैं और उसका दुरुपयोग करते हैं। इस पर चिंता जताते हुए वक्ताओं ने ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जरूरत बताई। निर्णय लिया गया कि जिले के शहरों और गांवों में विशेष टीमें गठित की जाएंगी, जो संदिग्ध रूप से चंदा मांगने वालों की पहचान कर उनकी जांच करेंगी। फर्जी पाए जाने पर उन्हें मौके से हटाया जाएगा और जरूरत पड़ने पर पुलिस को सूचना देकर कानूनी कार्रवाई कराई जाएगी। बैठक में समाज से अपील की गई कि किसी भी अज्ञात व्यक्ति को चंदा देने से पहले उसकी सत्यता जरूर जांचें।